# ट्रंप के टैरिफ से भारत को नहीं होगा नुकसान

## पुतिन बोले- रूस खरीदेगा भारत से दवाएं, फल-सब्जी

**मॉस्को/नई दिल्ली 3 अक्टूबर. अमेरिकी टैरिफ की मार से भारत को अब एक बड़ी राहत मिलने जा रही है और यह राहत आई है रूस की ओर से राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका की नीतियों से भारत को जो भी नुकसान होगा, उसकी भरपाई रूस करेगा.**

इससे भारत-रूस संबंधों की मजबूती फिर एक बार दुनिया के सामने उजागर हो गई है. ट्रंप टैरिफ से भारत को नुकसान नहीं होने देंगे यह घोषणा किसी और ने नहीं, बल्कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खुद की है. गुरुवार को



उन्होंने अपनी सरकार को स्पष्ट आदेश दिए कि वह भारत के साथ व्यापार संतुलन को सुधारने के उपाय तुरंत शुरू करे. पुतिन का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका ने भारत पर कई उत्पादों पर 50 फीसदी तक आयात शुल्क लगाया है. वल्दाई डिस्कशन क्लब के मंच से बोलते हुए पुतिन ने कहा, रूस और भारत के बीच कोई तनाव नहीं है. हमने हमेशा एक-दूसरे की संवेदनशीलताओं का सम्मान किया है और आगे भी करेंगे. पुतिन ने कहा कि यहां कोई राजनीतिक पहलू नहीं है; यह पूरी तरह से एक आर्थिक गणना है। क्या भारत हमारे ऊर्जा संसाधनों को छोड़ देगा? अगर ऐसा है, तो उसे कुछ नुकसान होगा। अनुमान अलग-अलग हैं; कुछ का कहना है कि यह लगभग 9-10 अरब डॉलर हो सकता है। लेकिन अगर वह इनकार नहीं करता है, तो प्रतिबंध लगाए जाएंगे.

> उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मित्र और संतुलित नेता बताते हुए कहा कि वे भारत के साथ रणनीतिक संबंधों को और गहरा करना चाहते हैं. रूस भारत से ज्यादा कृषि उत्पाद, दवाइयां और औषधीय वस्तुएं खरीदने की योजना बना रहा है. इससे भारत को अमेरिकी टैरिफ से हुए नुकसान की भरपाई होगी. पुतिन ने कहा, हम अपने व्यापार के अवसरों को पूरी तरह खोलना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए लॉजिस्टिक्स, फाइनेंस और पेमेंट से जुड़ी अड़चनों को सुलझाना होगा. पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की तारीफ करते हुए कहा कि भारत का अमेरिकी दबाव को नजरअंदाज कर रूस से तेल खरीदना एक संप्रभु राष्ट्र की ताकत दिखाता है. उन्होंने भारत की नॉन-अलाइन्ड नीति को भी आधुनिक युग में सामरिक संतुलन का बेहतरीन उदाहरण बताया. इस घोषणा के बाद भारत-रूस व्यापार संबंधों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है, साथ ही भारत को अमेरिकी दबाव का सीधा विकल्प भी मिल गया है. रूस के राष्ट्रपति का ये बयान ऐसे समय पर सामने आया है, जब इस साल के अंत में पुतिन की भारत यात्रा की खबरें सामने आई हैं। बता दें कि राष्ट्रपति पुतिन की यात्रा से पहले रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के भी शिखर सम्मेलन की तैयारी और द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा के लिए भारत आने की उम्मीद है

# अमित शाह का छत्तीसगढ़ दौरा बहुआयामी

- 2026 मिशन के तहत भाजपा नेताओं संग रणनीति तय करेंगे
- 103 नक्सलियों के सरेंडर के बाद सुरक्षा समीक्षा अहम

**रायपुर/जगदलपुर, 03 अक्टूबर. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह शुक्रवार देर शाम विशेष विमान से रायपुर पहुंचे. इस दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे में उनका राजनीतिक, सांस्कृतिक और सुरक्षा मामलों से जुड़ा व्यस्त कार्यक्रम तय है. वे नवा रायपुर के एक निजी होटल में रात्रि विश्राम करेंगे, जहां राज्य के वरिष्ठ भाजपा नेताओं से राजनीतिक रणनीति पर चर्चा की संभावना है.**

सूत्रों के अनुसार, शाह



आगामी 2026 विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए राज्य की वर्तमान राजनीतिक स्थिति और पार्टी की रणनीति पर विशेष चर्चा करेंगे. इसके अलावा वे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे अभियानों की भी समीक्षा करेंगे, जिसे इस दौरे का सबसे प्रमुख उद्देश्य माना जा रहा है. इस बीच छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने शाह के दौरे की तैयारियों का जायजा लिया.

> नवरात्रि के अंतिम दिन, वे स्वयं माँ दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे और राज्य में शांति व स्थायित्व की कामना की. शाह का यह दौरा इसलिए भी अहम है क्योंकि उन्होंने मार्च 2026 तक देश को नक्सलमुक्त बनाने का संकल्प लिया है. इस लक्ष्य की दिशा में छत्तीसगढ़ में लगातार ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं. हाल ही में, बीजापुर जिले में 103 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था, जो राज्य के इतिहास का सबसे बड़ा माओवादी सरेंडर रहा. शाह की समीक्षा से न केवल सुरक्षा अभियानों को नया बल मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में विकास कार्यों में भी तेजी आ सकती है.

# करूर भगदड़ की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिकाएं खारिज

**मदुरै, 3 अक्टूबर. करूर भगदड़ के मामले में मद्रास हाई कोर्ट ने बीजेपी की नेता उमा आनंदन की उस याचिका को शुक्रवार को खारिज कर दिया, जिसमें करूर भगदड़ की जांच सीबीआई से कराने की मांग की गई थी.**

पीठ ने याचिका को खारिज करते हुए याचिकाकर्ता को हाई कोर्ट की मदुरै पीठ का रुख करने को कहा. याचिकाकर्ता बीजेपी नेता ने अदालत का रुख करते हुए कहा था कि इस घातक घटना के संबंध में कई सवाल हैं, जिसमें संभावित आधिकारिक उदासीनता भी शामिल है. वहीं करूर भगदड़ घटना की जांच के लिए पुलिस महानिरीक्षक (उत्तर) असरा गर्ग के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है. हाई कोर्ट ने करूर पुलिस को सभी संबंधित दस्तावेज तुरंत एसआईटी को सौंपने का निर्देश दिया है. टीवीके के एक पदाधिकारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज है. शहाई कोर्ट की एकल पीठ ने नमक्कल के एक निजी अस्पताल पर हमले के सिलसिले में टीवीके के एक पदाधिकारी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी. टीवीके के नमक्कल (पश्चिमी तमिलनाडु) जिला सचिव सतीश कुमार की जमानत याचिका भी हाई कोर्ट ने खारिज कर दी, उन पर विजय की रैली के दौरान अस्पताल पर हुए हमले के सिलसिले में मामला दर्ज किया गया है.

## चैतन्यानंद को 14 दिन के लिए भेजा जेल

**नई दिल्ली 3 अक्टूबर.** पटियाला हाउस कोर्ट ने स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती उर्फ पार्थ सारथी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. दिल्ली पुलिस ने चैतन्यानंद सरस्वती को 5 दिन की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त होने के बाद पटियाला कोर्ट में पेश किया था. चैतन्यानंद सरस्वती पर ईडब्ल्यूएस छात्रवृत्ति के तहत पीजीडीएम की पढ़ाई कर रही छात्राओं से छेड़छाड़ करने और जालसाजी का आरोप है. पुलिस ने छात्राओं के यौन उत्पीड़न के मामले में उसके इंस्टिट्यूट में कार्यरत तीन महिला अधिकारियों- श्वेता शर्मा, भावना कपिल और काजल के खिलाफ भी कार्रवाई की है. इन तीनों पर आरोप है कि उन्होंने छात्राओं को धमकी दी.

# बरेली में जुमे पर ड्रोन, कैमरे व फोर्स तैनात

## 26 सितंबर की हिंसा के बाद प्रशासन सतर्क, रख रहा नजर

**बरेली, 3 अक्टूबर. बरेली में 26 सितंबर को हुई हिंसा ने शहर की फिजा को तनावग्रस्त कर दिया था। अब जुमे की नमाज को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है।**

प्रशासन, पुलिस और धर्मगुरुओं की साझा अपील है शांति बनाए रखें और जरूरत हो तो घर से ही नमाज अदा करें। ड्रोन से निगरानी, भारी फोर्स की तैनाती और फ्लैग मार्च जैसी तैयारियां इस बात का संकेत हैं कि प्रशासन किसी भी सूरत में कानून-व्यवस्था से समझौता नहीं करेगा। उत्तर प्रदेश के बरेली में 26 सितंबर को भड़की हिंसा के बाद इस शुक्रवार को जुमे की नमाज के



लिए सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम किए गए हैं। प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है ताकि किसी भी अप्रिय घटना की पुनरावृत्ति न हो। शहर को चार सुपर जोन और चार स्पेशल जोन में बांटा गया है। करीब 8500 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जिनमें 9 जिलों की अतिरिक्त फोर्स और पैरामिलिट्री जवान शामिल हैं। संवेदनशील और अति-संवेदनशील क्षेत्रों में ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। फ्लैग मार्च कर पुलिस ने शहरवासियों को यह भरोसा दिलाया है कि वे सुरक्षित हैं.

# धामी ने की हेल्पलाइन की समीक्षा

**देहरादून, 3 अक्टूबर. उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को 'सीएम हेल्पलाइन' पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा की तो एक साथ कई पोल खुल गये।**

समीक्षा के दौरान यह चौंकानेवाला खुलासा भी हुआ कि शिकायतकर्ताओं के शिकायतों का समाधान नहीं हुआ. किसी भी सरकार की सफलता में उसके अधिकारी और कर्मचारियों की सबसे बड़ी भूमिका होती है। यह सर्वविदित है। यहां यही बात तब साफ हुई जब श्री धामी ने 'सीएम हेल्पलाइन' पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा की। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय टिहरी की छात्रा साक्षी द्वारा विवि के स्तर से डिग्री नहीं दिए जाने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन किए जाने के



बावजूद, इस प्रकरण का निस्तारण नहीं किया गया था. उक्त प्रकरण जब मुख्यमंत्री के संज्ञान में आया तो उन्होंने इस पर सख्त नाराज़गी व्यक्त की। उन्होंने आईटी सचिव और उच्च शिक्षा सचिव दोनो को एक सप्ताह में इस प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के साथ ही, संबंधित अधिकारी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

मुख्यमंत्री ने कहा कि अभ्यर्थी को एक सप्ताह के अंदर डिग्री उपलब्ध कराई जाए.

## वांगचुक हिरासत को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

**नई दिल्ली 3 अक्टूबर.** राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) के तहत गिरफ्तार सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे. अंगमो ने उनकी रिहाई के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है. अंगमो ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका को दायर कर अपने पति की गिरफ्तारी को अवैध बताया है. उन्होंने अपनी याचिका में अपने पति पर एनएसए लगाने पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि उनकी गिरफ्तारी अवैध और नियमों का उल्लंघन है. उन्होंने यह भी कहा कि गिरफ्तारी के बाद उनके पति से कोई संपर्क नहीं हो पाया. गौरतलब है कि वांगचुक राजस्थान की जोधपुर सेंट्रल जेल में बंद हैं.

# देश में सामाजिक सुरक्षा हो रही मजबूत

- केंद्रीय श्रम एवं रोजगार व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री ने कहा

**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर. केंद्रीय श्रम एवं रोजगार व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि देश में व्यापक नीति, प्रक्रिया और डिजिटल सुधारों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा को मज़बूत बनाया जा रहा है.**

भारत को सामाजिक सुरक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आईएसएसए) पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया. डॉ. मांडविया ने मलेशिया के कुआलालंपुर में आईएसएसए विश्व सामाजिक सुरक्षा मंच पर पुरस्कार प्राप्त करने के बाद शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंत्योदय के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, भारत समावेशी और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा की ओर बढ़ रहा है. सामाजिक सुरक्षा कवरेज में वृद्धि के बाद, भारत ने आईएसएसए महासभा में 30 सीटों के साथ सर्वोच्च वोट शेयर हासिल किया है। डॉ. मांडविया ने कहा, यह पुरस्कार मोदी के दृष्टिकोण और अंत्योदय के हमारे मार्गदर्शक सिद्धांत का प्रमाण है.

> केंद्रीय मंत्री ने ई-श्रम पोर्टल का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए सामाजिक सुरक्षा लाभों के वितरण के लिए भारत में व्यापक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की स्थापना पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा, ई-श्रम पोर्टल एक राष्ट्रीय डिजिटल डेटाबेस है जो एक बहुभाषी, निर्बाध इंटरफ़ेस के माध्यम से 31 करोड़ से अधिक असंगठित श्रमिकों को सामाजिक कल्याण योजनाओं से जोड़ने वाले वन-स्टॉप सोल्यूशन के रूप में कार्य करता है। उन्होंने राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल का भी उल्लेख किया, जो नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं को एक साझा मंच पर लाने के लिए मज़बूत डिजिटल उपकरणों से लैस है। उन्होंने कहा, आज, एनसीएस के पास कुशल कार्यबल का एक प्रमाणित डेटाबेस है, जो दुनिया भर के नियोक्ताओं के लिए आसानी से उपलब्ध है.



## सीबीआई ने रिश्वतखोरी के मामलों में दो को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को गांधीनगर (गुजरात) स्थित रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) के एकीकृत वित्तीय सलाहकार (आईएफए) के एक लेखा परीक्षक और नांदेड़ (महाराष्ट्र) के हिंगोली गेट स्थित मंडल रेलवे अस्पताल के मुख्य कार्यालय अधीक्षक को रिश्वतखोरी के दो अलग-अलग मामलों में गिरफ्तार किया है। पहले मामले में, गिरफ्तार लेखा परीक्षक अशोक कुमार जादव पर आपूर्ति आदेश जारी करने की फाइल को मंजूरी देने के लिए अनुचित लाभ के रूप में 4 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है.

# जनता की आवाज बन रही है आप : केजरीवाल

- 3 दिन के दौरे में कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात

**पणजी, गोवा 3 अक्टूबर. दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गोवा की सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए एक्स (पूर्व ट्विटर) पर बड़ा बयान दिया है.**

उन्होंने बीजेपी -कांग्रेस गठजोड़ को 13 साल का कुशासन करार देते हुए कहा है कि गोवा आज डर, भ्रष्टाचार और गुंडाराज की गिरफ्त में है। केजरीवाल अब खुद तीन दिन के गोवा दौरे पर जा रहे हैं ताकि बदलाव की इस लड़ाई को और मजबूती दे सकें। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद



केजरीवाल ने गोवा की मौजूदा सरकार पर जोरदार हमला बोला है। ट्वीट में उन्होंने कांग्रेस गठबंधन को 13 साल का विनाशकारी शासन बताया। केजरीवाल ने लिखा कि इस अवधि में गोवा में अवैध निर्माण, अवैध खनन, भारी भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, खराब कानून व्यवस्था, गुंडाराज और बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है.

> पार्टी के नेता और कार्यकर्ता गोवावासियों की आवाज़ बनकर खड़े हो रहे हैं और इस गुंडाराज के खिलाफ साहस पूर्वक लड़ाई लड़ रहे हैं। केजरीवाल ने कहा वह गोवा के तीन दिवसीय दौरे पर जा रहे हैं, जहां वे पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। वे ज़मीनी हकीकत को समझेंगे और राज्य के लिए एक जनआधारित वैकल्पिक राजनीतिक दिशा तैयार करेंगे। आप ने पहले भी गोवा में चुनाव लड़े हैं, लेकिन इस बार पार्टी का फोकस सिर्फ राजनीति नहीं, बल्कि राज्य को भय और भ्रष्टाचार से मुक्त कराना है.

### एक नजर में

## पत्नी से लड़ाई के बाद दामाद की पीटकर हत्या

**हापुड़, 3 अक्टूबर.** उत्तर प्रदेश के हापुड़ में हैरान कर देने वाला एक मामला सामने आया है. पत्नी से हुए लड़ाई के बाद ससुराल पक्ष के लोगों ने दामाद सोनू की दिनदहाड़े पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, मृतक के परिजनों ने मारपीट के साथ ही उसे ज़हरीला पदार्थ खिलाने का भी आरोप लगाया है. मारपीट की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. हापुड़ के हाफिजपुर थाना क्षेत्र के ईमटोरी गांव में बुधवार को मृतक सोनू का अपनी पत्नी से किसी बात पर विवाद हो गया, जिसके बाद पत्नी ने अपने घर वालों को बुलंदशहर से ईमटोरी बुला लिया. पत्नी के परिजनों ने दामाद के घर पहुंचकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी. जब दामाद जान बचाकर भागने लगा, तो हाइवे पर उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया. बचाव करने आए लोगों के साथ भी ससुराल वालों ने अभद्रता की और मौके से फ़रार हो गए. घायल सोनू को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई. फिलहाल, परिजनों की तहरीर पर पत्नी समेत 7 ससुरालीजनों पर मुकदमा दर्ज किया गया है. पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है. मृतक की मां सुखवीरी ने बताया कि बुधवार की सुबह मृतक सोनू का अपनी पत्नी से विवाद हो गया था. इसके बाद पत्नी ने बुलंदशहर के रहने वाले अपने परिजनों को फोन करके बुला लिया. उन्होंने आरोप लगाया, मेरे लड़के के साथ मारपीट की गई. मेरे लड़के को कुछ पिलाकर मारा गया है. सीओ पिलखुवा अनीता चौहान ने बताया, मृतक सोनू के परिजनों ने ससुराल वालों पर मारपीट तथा नशीला पदार्थ देकर मारने के आरोप लगाए हैं.

### आज का इतिहास

- 1783 जॉर्जिया को रूस का संरक्षक बनाया गया।
- 1830 चिली में दास प्रथा समाप्त कर दी गई।
- 1834 पुर्तगाल में लिबरल युद्ध समाप्त हुआ।
- 1870 अमेरिका में पहली अंतरदेशीय रेल सेवा की शुरुआत हुई।
- 1911 भारत के प्रसिद्ध बाँसुरी वादक पन्नालाल घोष का जन्म।
- 1937 प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता मनोज कुमार का जन्म।
- 1944 300 लड़ाकू विमानों ने जर्मनी पर बम गिराए।
- 1945 बंगलोर स्थित विप्रो कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष अज़ीम प्रेमजी का जन्म।

# भारत ने बंगलादेश के आरोप को किया खारिज

- अंतरिम सरकार कानून व्यवस्था संभालने में विफल

**नई दिल्ली 3 अक्टूबर. भारत ने बंगलादेश के चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में अल्पसंख्यकों पर हुई हिंसा के लिए उसे ज़िम्मेदार ठहराने वाले बंगलादेश के आरोपों को झूठे और निराधार बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया है.**

साथ ही कहा कि कानून व्यवस्था बनाये रखने में विफल वहां की अंतरिम सरकार अपनी आदत के अनुसार इसका दोष किसी ओर पर मढ़ना चाह रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को यहां मीडिया ब्रीफिंग में इस संबंध में पूछे गये सवाल के जवाब में कहा कि मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को चटगांव पर्वतीय क्षेत्र में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और ज़मीन हड़पने वाले स्थानीय चरमपंथियों की गतिविधियों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए। प्रवक्ता ने कहा, हम इन झूठे और निराधार आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं। बंगलादेश की अंतरिम सरकार और हमने इस बारे में कई मौकों पर बात की है, अंतरिम सरकार देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखने में असमर्थ है और उसे बार-बार दोष किसी और पर मढ़ने की आदत है। बेहतर होगा कि वे आत्मनिरीक्षण करें और चटगांव पहाड़ी इलाकों में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ हिंसा, आगजनी और जमीन हड़पने वाले स्थानीय चरमपंथियों की कार्रवाई की गंभीर जांच करें.

> रिपोर्टों के अनुसार बांग्लादेश के गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मोहम्मद जहाँगीर आलम चौधरी ने कहा है कि एक खास वर्ग चटगांव पर्वतीय क्षेत्र के खगराछारी में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रहा है, जिसे कथित तौर पर भारत या फासीवादी तत्वों द्वारा उकसाया जा रहा है। दक्षिण-पूर्वी बांग्लादेश के चटगांव पहाड़ी इलाकों में एक स्कूली छात्रा के साथ कथित सामूहिक बलात्कार के विरोध में हुए प्रदर्शनों के बाद रविवार को हुई झड़पों में कम से कम तीन लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए.

# वियतनाम में चक्रवाती तूफान के कारण 51 लोगों की मौत

**हनोई, 3 अक्टूबर. वियतनाम में चक्रवाती तूफान बुआलोई और उसके बाद आई बाढ़ और भूस्खलन से उत्तरी और मध्य वियतनाम में 51 लोगों की मौत हो गयी और 14 अन्य लापता हो गए तथा 164 घायल हुए हैं.**

वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण ने रिपोर्ट में यह जानकारी दी. शुरूआती तौर पर आर्थिक नुकसान लगभग 15.9 ट्रिलियन वियतनामी डोंग होने का अनुमान है. तूफान के कारण 238,000 से अधिक घर क्षतिग्रस्त या जलमग्न हुए हैं, लगभग 89,000 हेक्टेयर में फैसरा धान और अन्य फसलें जलमग्न हो गयी हैं और 17,000 हेक्टेयर से अधिक जलीय कृषि और लगभग 50,300 हेक्टेयर जंगलों को नुकसान पहुंचाया. तूफान के कारण बुनियादी ढांचे को काफी नुकसान पहुंचा है. देश में 8,800 से अधिक बिजली के खंभे गिर गए और लगभग 468,500 घरों में अभी भी बिजली नहीं है, जबकि लगभग 1,500 स्कूल क्षतिग्रस्त हुए हैं. स्थानीय अधिकारी राहत कार्य जारी रखे हुए हैं, अवरुद्ध सड़कों को साफ करने, आवश्यक सेवाओं को बहाल करने और प्रभावित समुदायों की सहायता के लिए उपकरण जुटा रहे हैं. प्रधानमंत्री फाम मिन्ह चिन्ह ने आपातकालीन राहत के वास्ते 15 प्रभावित इलाकों के लिए केंद्रीय बजट रिजर्व से 2.524 ट्रिलियन वियतनामी डोंग के सहायता पैकेज को मंजूरी दी.

**राहत** मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि के छात्र-छात्राओं व उनके पालकों को दी राहत

# विद्यार्थियों की बड़ी समस्या का त्वरित समाधान

**नई दिल्ली, 3 अक्टूबर. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश में कृषि शिक्षा से संबंधित एक गंभीर विषय को हल करते हुए कृषि के छात्र-छात्राओं तथा उनके पालकों को बड़ी राहत दी है.**

अब कृषि विश्वविद्यालयों की 20प्रतिशत स्नातक सीटें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा आयोजित प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से भरी जाएंगी, जिसमें एक देश-एक कृषि-एक टीम की भावना के अनुरूप, देशभर के छात्रों के लिए पात्रता मानदंड एवं विषय समूह



को एक समान कर दिया गया है, जिससे 12वीं में बायोलॉजी, रसायन, भौतिकी, गणित या कृषि विषय समूह लेने वाले विद्यार्थी बराबर पात्रता के साथ राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा के जरिये सीधे-पारदर्शी तरीके से दाखिला ले सकेंगे. केंद्रीय कृषि मंत्री सिंह ने दिल्ली में मीडिया से चर्चा में बताया कि कृषि स्नातक में, प्रवेश में कुछ वर्षों से एक बढ़ी समस्या छात्र-छात्राओं के लिए अक्षम पात्रता मानदंड की थी, 12वीं में अलग-अलग विषय संयोजनों व अलग राज्यों के अलग नियमों, अलग-अलग पात्रता के कारण कृषि के ये योग्य छात्र-छात्राएं पिछ जाते थे. पिछले कुछ दिनों में विद्यार्थियों ने समस्या बताई थी. आईसीएआर के महानिदेशक डा. मांगी लाल जाट को निर्देशित किया कि वे राज्यों के कृषि विश्व विद्यालयों एवं उनके कुलपतियों के साथ बातचीत करके इसका त्वरित हल ढूंढ़ने की दिशा में काम करें.

> शिवराज सिंह ने इस संबंध में समाधान निकालने की दिशा में तत्परता से कार्य करने के लिए आईसीएआर के डीजी एवं उनकी टीम को बधाई देने के साथ ही त्वरित सुधार लागू करने में कृषि विश्वविद्यालयों-कुलपतियों के सहयोग हेतु उन्हें भी धन्यवाद दिया. शिवराज सिंह ने कहा कि इससे अब देशभर के छात्र-छात्राओं के लिए प्रवेश के अवसर सुगम तथा एक समान हो गए हैं. प्रवेश संबंधित सभी जटिलताएं दूर होकर विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा. केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने

# स्वच्छता शपथ के साथ मना स्वच्छ भारत उत्सव

- एसईसीएल मुख्यालय में महात्मा गांधी को आदरांजली

**बिलासपुर 3 अक्टूबर. एसईसीएल मुख्यालय, बिलासपुर के नेहरू शताब्दी नगर स्थित गांधी उद्यान में पूज्य बापू महात्मा गांधी के 156 वीं जयंती मनाई गई.**

इस अवसर पर मुख्य अथिति अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन, निदेशक(एचआर) बिरंची दास, निदेशक तकनीकी(योजना एवं परियोजना) आरसी महापात्रा एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी, हिमांशु जैन, विभागाध्यक्षों, श्रमसंघ प्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में गांधी जी की प्रतिमा पर फूलमाला, पुष्प अर्पित कर आदरांजली अर्पित की



गई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएमडी एसईसीएल द्वारा उपस्थितों को स्वच्छता शपथ दिलाया गया . विदित हो कि एसईसीएल द्वारा विशेष अभियान 5.0 के प्रारम्भिक चरण में 15 सितंबर 2025 से 02 अक्टूबर 2025 तक कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया है जिसके अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों, परिसरों, नदियों को साफ करने के लिए विशेष सफाई अभियान चलाए गए. इस दौरान मुख्यालय एवं संचालन क्षेत्रों में सफाई मित्रों के सम्मान समारोह सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर स्वच्छता को बढ़ावा दिया गया . आज आयोजित स्वच्छता शपथ के साथ हीं एसईसीएल में स्पेशल कैंपेन 5.0 की शुरुआत हो रही है जो 31 अक्टूबर तक चलेगी.

**मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी माओवादी ढेर- बीजापुर, 3 अक्टूबर.** जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के गमपुर-पुरंगेल जंगल में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में पांच लाख रुपये का इनामी नक्सली मारा गया है.

**नाम सुधार सूचना**

मै अपूर्वा सिंह राजपूत पुत्री श्री दिनेश सिंह, पत्नी श्री रौनक देसाई उम्र 28 वर्ष निवासी शिवपुरम कालोनी पैराडाइज टावर टिकुरिया टोला सतना तह.रघुराजनगर जिला सतना म.प्र. की होकर बहलफ सूचित कर रही हूं कि विवाह के पूर्व मेरा नाम APURVA SINGH RAJPOOT दर्ज है जो मेरे अंकसूची व रिकार्ड में दर्ज है, मेरा विवाह 15.12.2023 रौनक देसाई के साथ हुआ है तब से मेरा नाम अपूर्वा आर देसाई पति श्री रौनक देसाई हो गया है. अपूर्वा सिंह राजपूत (APURVA SINGH RAJPOOT) व अपूर्वा आर देसाई (APURVA R DESAI) दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मुझ शपथकर्ता के हैं, मेरे रिकार्डों में मेरा नाम APURVA R DESAI W/O RAUNAK DESAI ही लिखा व पढ़ा जाए जो सत्य एवं सही है.